प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण के लिए नामांकन जारी है। इसी कड़ी में छठे चरण के चुनाव को लेकर धनबाद लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, वर्तमान सांसद पीएन सिंह और विधायक राज सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। उधर चतरा लोकसभा सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सुमित यादव और गिरिडीह लोकसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उषा सिंह ने आज नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार आज खूंटी जिले के दौरे पर हैं। इस क्रम में उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्रों पर बीएलओ से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। श्री कुमार ने इसके अलावा कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

****

सिंहभूम और खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए काशी साहू कॉलेज सरायकेला में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया।

****

राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रांची के यातायात पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घूमने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

****

झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक इंटरमीडिएट का रिजल्ट आज जारी कर दिया गया। शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह और जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने संयुक्त रूप से परीक्षाफल जारी किया। इंटरमीडिएट कला में तिरानबे फीसदी से अधिक परीक्षार्थियों ने सफलता अर्जित की है। इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में लगभग तिहत्तर प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किये गये हैं, वहीं कॉमर्स में लगभग 91 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने कामयाबी हासिल की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में लगभग 41 प्रतिशत छात्रों ने पहला स्थाना हासिल किया है, जबकि करीब 56 फीसदी छात्रों को द्वितीय स्थान मिला है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में इस वर्ष राज्यभर के तीन लाख चौवालीस हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी के बीच आयोजित की गयी थी।

****

लातेहार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार मतदाता जारूकता अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान बहरागोड़ा में सर्वाधिक तापमान पैंतालिस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। आगामी 4 मई तक आकाश मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। आगामी 5 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में 2 मई तक हीट वेव की भी आशंका है, इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****

रांची में आज से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की शुरुआत हुई। पहले मैच में ओडिशा की टीम ने शानदार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 4–1 से मात दी। ओडिशा की टीम ने पहले हाफ़ में पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए एक के बाद एक चार गोल दागकर मैच अपने नाम कर लिया। आज रात साढ़े आठ बजे से झारखंड और मिज़ोरम के बीच भिड़ंत होगी। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में आज इसके अलावा कुछ अन्य मैच भी होंगे।

*********समाप्त****************